भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1787

8 मार्च, 2016 को उत्तरार्थ

विषय : किसानों हेतु ज्ञान केन्द्र

1787. श्रीमती प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंहः

श्री बलभद्र माझीः

श्री कारादी सनगन्ना अमरप्पाः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में विभिन्न राज्यों में ग्राम स्तर पर ग्राम ज्ञान केन्द्र कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कार्यक्रम ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश के विभिन्न राज्यों में अब तक स्थापित ग्राम ज्ञान केन्द्रों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी राज्य वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार देश में और अधिक ग्राम ज्ञान केन्द्र स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या कुछ बैंक योजनाओं का ब्यौरा किसानों को उपलब्ध करवा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन ग्राम केन्द्रों से प्राप्त लाभों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहनभाई कुंडारीया)</u>

(क): जी नहीं । कपार्ट वर्तमान में किसी ग्राम ज्ञान केन्द्रों (वीकेसी) कार्यक्रम का कार्यान्वयन नहीं कर रहा है । तथापि कपार्ट की ग्रामीण प्रौद्योगिकी योजना के तहत पूर्व में पाइलट आधार पर कार्यक्रम की पहल की गई थी । योजना को 2009 से रद्द कर दिया गया है।

(ख) से (ड.): प्रश्न नहीं उठता ।

****